# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर – 302018
## Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur – 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2722520

क्रमांकः प.8(108)RSSB/प.आ./कनि.अनु.सी.भ.प./2024/647 दिनांकः 27/12/24

**विज्ञप्ति**

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के पत्र क्रमांक प.आ/कनि.अनु.सी.भ.प./2024/613 दिनांकः 10.12.2024 एवं 614 दिनांकः 11.12.2024 द्वारा कनिष्ठ अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षाओं के आयोजन हेतु विज्ञप्ति जारी की गयी थी। विज्ञप्ति दिनांक 10.12.2024 के द्वारा कनिष्ठ अनुदेशक (इंफोर्मेशन एण्ड कम्यूनिकेशन टेक्नोलोजी सिस्टम मेंटेनेंस) सीधी भर्ती परीक्षा 2024 एवं कनिष्ठ अनुदेशक (ड्राफ्टसमैन सिविल) सीधी भर्ती परीक्षा 2024 का Mode of exam offline अंकित कर दिया गया था अब offline के बजाय आंशिक संशोधन कर Offline/TBT CUM OMR के माध्यम से किया जावेगा। परीक्षाओं का आयोजन निम्न तालिका में अंकित परीक्षा कार्यक्रमानुसार होगा। माह जनवरी 2025 में CBT Cum OMR परीक्षाओं के संबंध में परीक्षार्थियों को दिशा–निर्देश संलग्न कर वेबसाइट पर अपलोड़ किये जा रहें है।

उक्त परीक्षाओं का आयोजन निम्न तालिका में अंकित कार्यक्रमानुसार किया जावेगाः–

| क्र.स. | परीक्षा का नाम (Name of Examination) | परीक्षा दिनांक | परीक्षा का समय | Mode of Exam |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Jr. Instructor (Information and Communication Technology System maintenance) Direct Recruitment Exam 2024<br>कनिष्ठ अनुदेशक (इंफोर्मेशन एण्ड कम्यूनिकेशन टेक्नोलोजी सिस्टम मेंटेनेंस) सीधी भर्ती परीक्षा 2024 | 04-01-2025<br>(शनिवार)<br>(Morning) | प्रातः 10.00 बजे से मध्यान्ह् 12.00 बजे तक | Offline/TBT CUM OMR |
| 02 | Jr. Instructor (Draftsman Civil) Direct Recruitment Exam 2024<br>कनिष्ठ अनुदेशक (ड्राफ्टसमैन सिविल) सीधी भर्ती परीक्षा 2024 | 04-01-2025<br>(शनिवार)<br>(Evening) | अपरान्ह् 03.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक | Offline/TBT CUM OMR |
| 03 | Jr. Instructor (Mechanical Motor Vehicle) Direct Recruitment Exam 2024<br>कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिकल मोटर व्हीकल) सीधी भर्ती परीक्षा 2024 | 07-01-2025<br>(मंगलवार)<br>(Morning) | प्रातः 10.00 बजे से मध्यान्ह् 12.00 बजे तक | CBT Cum OMR |
| 04 | Jr. Instructor (Welder) Direct Recruitment Exam 2024<br>कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) सीधी भर्ती परीक्षा 2024 | 07-01-2025<br>(मंगलवार)<br>(Evening) | अपरान्ह् 03.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक | CBT Cum OMR |
| 05 | Jr. Instructor (Plumber) Direct Recruitment Exam 2024<br>कनिष्ठ अनुदेशक (प्लम्बर) सीधी भर्ती परीक्षा 2024 | 08-01-2025<br>(बुधवार)<br>(Morning) | प्रातः 10.00 बजे से मध्यान्ह् 12.00 बजे तक | CBT Cum OMR |
| 06 | Jr. Instructor (Cosmetology) Direct Recruitment Exam 2024<br>कनिष्ठ अनुदेशक (कॉस्मेटोलॉजी) सीधी भर्ती परीक्षा 2024 | 08-01-2025<br>(बुधवार)<br>(Evening) | अपरान्ह् 03.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक | CBT Cum OMR |
| 07 | Jr. Instructor (Turner) Direct Recruitment Exam 2024<br>कनिष्ठ अनुदेशक (टर्नर) सीधी भर्ती परीक्षा 2024 | 09-01-2025<br>(गुरूवार)<br>(Morning) | प्रातः 10.00 बजे से मध्यान्ह् 12.00 बजे तक | CBT Cum OMR |
| 08 | Jr. Instructor (Sewing Technology) Direct Recruitment Exam 2024<br>कनिष्ठ अनुदेशक (सुईंग टेक्नोलोजी) सीधी भर्ती परीक्षा 2024 | 09-01-2025<br>(गुरूवार)<br>(Evening) | अपरान्ह् 03.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक | CBT Cum OMR |

उक्त परीक्षाओं का आयोजन **Mode of Exam** क्र.स. 01 एवं 02 का **Offline/TBT Cum OMR** तथा क्र.स. 03 से 08 तक का **CBT Cum OMR** के माध्यम से होगा। अर्थात प्रश्न–पत्र कम्प्यूटर पर दिखायी देगा एवं उत्तर के चयन हेतु ऑफलाईन **OMR Sheet** का उपयोग किया जावेगा।

**परीक्षार्थियों को उक्त परीक्षाओं के संबंध में CBT Cum OMR परीक्षा हेतु दिशा निर्देश इस विज्ञप्ति के साथ संलग्न कर बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड़ किये जा रहें है।** अतः परीक्षार्थी इन दिशा निर्देशों का भली प्रकार अवलोकन कर इसकी पालना सुनिश्चित की जावें।

नवीनतम एव अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in व www.rssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।

संलग्नः– **CBT Cum OMR** परीक्षा हेतु दिशा निर्देश।

सचिव

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर – 302018

## Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur – 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2722520


## -: CBT Cum OMR परीक्षा हेतु दिशानिर्देश:-

### कनिष्ठ अनुदेशक परीक्षा, जनवरी 2025

महत्वपूर्ण निर्देश :–

- **अभ्यर्थी कृपया परीक्षा प्रारम्भ होने से पहले अपने कम्प्यूटर/की–बोर्ड एवं माउस को भली प्रकार से जाँच लेवें। यदि किसी प्रकार की विसंगति की स्थिति पायी जावें तो अभिजागर (Invigilator) को इसकी तुरंत रिपोर्ट की जावें ताकि अभिजागर उसका तुरंत निराकरण सुनिश्चित कर सके। परीक्षा समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार की शिकायत की जाती है तो उस पर विचार नहीं किया जावेगा।**
- आवंटित समय : **120 मिनट** (2 घंटे)
- प्रत्येक प्रश्न के लिए कोई एक विकल्प/वृत्त भरा है या नहीं यह सुनिश्चित करने के लिए आवंटित समय समाप्त होने के पश्चात 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।
- इस परीक्षा में अधिकतम 120 अंक होंगे।
    - सही उत्तर के लिए : 1 अंक।
    - गलत उत्तर के लिए : प्रश्न के पूर्णांक का 1/3 अंक काटा जायेगा।
    - विकल्प (E) ''अनुत्तरित प्रश्न'' : 0 अंक।
    - किसी भी विकल्प/वृत्त को काला न करने पर : प्रश्न के पूर्णांक का 1/3 अंक काटा जायेगा।
- ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के पीछे दिए गए सभी निर्देश पढ़ें।
- ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर प्रविष्टियाँ भरने हेतु केवल नीले बॉल पॉइंट पेंन का उपयोग करें। कृपया अपना रोल नंबर और अन्य जानकारी को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में सही–सही भरें।
- घड़ी को सर्वर समय पर सेट कर दिया गया है।
- स्क्रीन पर प्रश्न पढ़ें और दिए गए ओ.एम.आर. शीट पर अपना उत्तर अंकित करें।
- यदि किसी प्रश्न के लिए एक से अधिक विकल्प/वृत्त चिन्हित किए गए हैं, तो उसे गलत उत्तर माना जाएगा।
- प्रत्येक प्रश्न में पाँच विकल्प/वृत्त हैं। पहले चार विकल्प/वृत्त (A), (B), (C) और (D) उचित उत्तर से संबंधित हैं तथा पाँचवाँ विकल्प/वृत्त '(E)' 'अनुत्तरित प्रश्न' से संबंधित है।
- सही उत्तर दर्शाने के लिए, अभ्यर्थी को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर संबंधित प्रश्न संख्या के लिए नीले बॉल पॉइंट पेंन से केवल एक विकल्प/वृत्त (A), (B), (C) या (D) भरना होगा । यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है तो पांचवें विकल्प/वृत्त '(E)' को काला करना है।
- **यदि कोई अभ्यर्थी कुल प्रश्न में से 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्न छोड़ देता है या पांच विकल्पों में से किसी भी वृत्त को नहीं भरता है, तो उसे परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।**
- परीक्षा स्क्रीन दिशानिर्देश:
    - अगले प्रश्न पर जाने के लिए "Next" बटन पर क्लिक करें।
    - आपके द्वारा देखे गए प्रश्नों को Question Pallete पर हरे रंग से चिन्हित किया जाएगा।
    - प्रश्न की दोनों भाषाएँ स्क्रीन पर एकसाथ प्रदर्शित होगी– "Hindi" और "English"
    - यदि आपको प्रश्न को पढ़ने में कठिनाई हो रही है, तो आप Zoom-in या Zoom-out बटन का उपयोग कर सकते है।

- ○ Reset-Zoom बटन का उपयोग करके, आप प्रश्न को उसके original view में वापस ला सकते हैं।
- ○ Question Pallete के बाईं तरफ में Arrow बटन का उपयोग करके, आप Question Pallete को छोटा या बड़ा कर सकते हैं।
- ○ भाषा से संबंधित प्रश्न केवल उनकी संबंधित भाषा में ही प्रदर्शित किए जाएंगे।
- ○ प्रश्न को बाद में समीक्षा हेतु चिन्हित करने के लिए "Review & Next" बटन पर क्लिक करें।
- ○ आपके द्वारा समीक्षा किए गए प्रश्न को Question Pallete में पीले रंग से चिन्हित किया जाएगा।
- ○ Question Pallete का उपयोग करके, आप किसी भी प्रश्न संख्या पर स्विच कर सकते हैं, जिसे आप देखना चाहते हैं।
- ○ परीक्षा का समय पूरा होने पर Thank You Screen प्रदर्शित होगी।

- परीक्षा कक्ष से बाहर जाने से पहले आपको अपनी ओ.एम.आर. शीट निरीक्षक को सौंपनी होगी।
- यदि आप गलती से परीक्षा विंडो बंद कर देते हैं, तो आप परीक्षा फिर से शुरू कर सकेंगे। हालाँकि, जब आप विंडो बंद करेंगे और फिर से लॉग इन करेंगे, तब के बीच के मिनटों की संख्या आपके कुल आवंटित समय से काट ली जाएगी। अभ्यर्थियों को कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

**कदाचार (Miscondut)**

1. किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देना, उत्तरों की नकल करना, या परीक्षा के दौरान या पहले या बाद में कदाचार में सम्मिलित होने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी एवं मुकदमा चलाया जाएगा। परीक्षा में किसी भी चरण में या परीक्षा के बाद भी किसी भी कदाचार में शामिल पाये जाने पर उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी।
2. अल्पावकाश के दौरान या परीक्षा पूर्ण होने के बाद भी अथ्यर्थी को परीक्षा की अंतर्वस्तु (Content) के बारे में किसी से भी चर्चा करने की अनुमति नहीं होगी। किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी भी रूप में किसी भी माध्यम से (उदाहरण के लिए मौखिक रूप से, लिखित रूप में या इलेक्ट्रोनिक रूप से*) परीक्षा सामग्री को हटाना, पुनः प्रस्तुत करना या अभिव्यक्त करना सख्त वर्जित है और ऐसा करने पर मुकदमा दर्ज होगा।

   *इसमें ई–मेल के माध्यम से, किसी भी इंटरनेट ''चैट रूम'' संदेश बोर्ड या अन्य फोरम में और अन्यथा परीक्षा सामग्री पर चर्चा या खुलासा करना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान और उसके बाद भी इसकी जानकारी देना वर्जित है।
3. ऐसी गतिविधियाँ या कार्य जो कि अन्य अभ्यर्थियों, परीक्षा विक्षकों या अन्य कर्मचारियों को परीक्षा केन्द्र को शांत, सुरक्षित और कुशल तरीके से संचालित करने से रोकते हैं या व्यवधान पैदा करते हैं वे अमान्य हैं। ऐसा करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा से तत्काल अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
4. इन नियमों एवं शर्तो को रद्द नहीं किया जा सकता है।

**अल्पावकाश नीतिः**

परीक्षा में कोई अल्पावकाश नहीं है।

**निषिद्ध वस्तुएँ–**

अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में मोबाईल फोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक टैबलेट, ब्लूटूथ या यूएसबी डिवाइस, डिजिटल वस्तुएं, हथियार आदि ले जाने की अनुमति नहीं है।

परीक्षा के लिए केवल प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट, वैध फोटो पहचान पत्र और पेन की आवश्यकता होगी। अन्य सभी वस्तुएं परीक्षा केन्द्र के बाहर रखनी होगी।

यदि प्रश्नों के हिन्दी अथवा अंग्रेजी संस्करण में मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकृति की किसी भी प्रकार की अस्पष्टता/त्रुटि हो तो अंग्रेजी संस्करण को ही अंतिम माना जाएगा।

परीक्षा हॉल में मोबाईल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक/डिजीटल गैजेट का उपयोग सख्त वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई प्रतिबंधित सामग्री पाई जाती है, तो उसके विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

चेतावनी:

**यदि कोई अभ्यर्थी नकल करते या अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाया जाता है या उसके पास कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उसके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की जाएगी और उस पर राज्य सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के उपाय) अधिनियम 2022 और संशोधन अधिनियम 2023 के तहत मुकदमा चलाया जायेगा जिसके लिए वह स्वंय उत्तरदायी होगा। इस अधिनियिम में 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास और 10 करोड़ तक के जुर्माने का प्रावधान है। बोर्ड द्वारा ऐसे अभ्यर्थियों को भविष्य की सभी परीक्षाओं से स्थायी रूप से वंचित भी किया जा सकता है।**

**परीक्षा के माहौल से परिचित होने के लिए कृपया 'मैं सहमत हूँ' ('I Agree') बटन पर क्लिक करने के बाद 'परीक्षा स्क्रीन निर्देश' देखें।**

26/12/24

सचिव